# प्रेस नोट - थाना कटरा

## शाहजहाँपुर पुलिस

**दिनांक – 02.03.2025,**

**थाना कटरा पुलिस द्वारा कीमत करीब (1,50,000) की 511.6 ग्राम अफीम के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**

उत्तर प्रदेश शासन की अपराध के प्रति जीरो टॉलरेन्स की मंशा एवं वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशों के अनुरुप जनपद शाहजहांपुर में अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में दिनांक 02.03.2025 को थाना कटरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त को थाना कटरा क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया है।

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों/वांछित/वारण्टी व रोकथाम मादक पदार्थ/अवैध शराब शस्त्र, बिक्री, निर्माण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 02.03.2025 को थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी में भ्रमणशील थी तभी मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 07.23 बजे बाबूपुर नहर पुलिया से करीब 10 कदम की दूरी पर थाना क्षेत्र कटरा से 01 नफर अभियुक्त मसीत पुत्र श्री अली अहमद निवासी ग्राम बावट थाना कुवंर गांव जिला बदायूँ को 511.6 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 109/2025 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

मसीत पुत्र श्री अली अहमद निवासी ग्राम बावट थाना कुवंर गांव जिला बदायूँ उम्र करीब 58 वर्ष

**बरामदगी का विवरण –**

511.6 ग्राम अफीम बरामद कीमत करीब( 1,50,000)

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास –**

मु0अ0सं0 109/2025 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट थाना कटरा, शाहजहांपुर

**पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-**

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि साहब यह अफीम मैं झारखण्ड से लेकर आया हूँ। जो भी ग्राहक मिल जाता है उसे अच्छे दामों पर बेच देता हूँ। आज भी मैं ग्राहक की तलाश कर रहा था कि तभी पुलिस ने मुझे पकड लिया। इस काम से जो पैसा मुझे मिलता है उस पैसे को मैं अपने जीवन यापन पर खर्च कर देता हूँ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री जुगुल किशोर पाल थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री पदम सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1023 अमित कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 2685 प्रवीण शर्मा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1716 शुभम सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 2129 फरमान थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर